आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 16.03.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुनिकीरेती में सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ किया।
- देहरादून शहरी विकास विभाग के चयनित 63 सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुंभ 2027 तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों को समय पर कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।
- प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के कपाट 23 मई को खोले जाएंगे।

## योग महोत्सव

टिहरी जनपद के मुनिकीरेती स्थित गंगा रिजॉर्ट परिसर में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश–विदेश से आए योग साधकों का स्वागत करते हुए कहा कि ऋषिकेश के आसपास के क्षेत्र तपोवन, मुनिकीरेती और स्वर्गा आश्रम वैश्विक योग राजधानी के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं।

इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि ऋषिकेश धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह एक पौराणिक नगर है और गंगा रिवर के कारण विश्व भर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंधक प्रशासक लक्ष्मी राज चौहान ने बताया कि सात दिवसीय इस योग महोत्सव में 30 देशों के योग साधकों के अलावा दो हजार पांच सौ से अधिक साधकों ने पंजीकरण करवाया है।

## नियुक्त पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज शहरी विकास विभाग के चयनित 63 सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में कूड़ा निस्तारण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा उन्होंने 62 करोड़ की अनुमानित लागत से बनने वाले शहरी विकास निदेशालय के नवीन भवन का वर्चुअल शिलान्यास भी किया।

## राफ्टिंग अभियान

55वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पिथौरागढ़ के "व्हाइट वाटर रिवर राफ्टिंग अभियान (तरणी) 2026" का जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जौलजीबी में शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में

साहसिक खेलों को प्रोत्साहित करना युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देना है।

यह राफ्टिंग अभियान भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ बहती (काली) नदी की तीव्र जलधाराओं व चुनौती पूर्ण प्रवाह पर किया जा रहा है। 38 सदस्यों का यह प्रतिभागी दल जौलजीबी से 57वीं वाहिनी की सीमा चौकी बूम तक लगभग 150 किलोमीटर की नदी यात्रा चरणबद्ध रूप से पूर्ण करेगा। यह अभियान चार दिनों में पूर्ण किया जाएगा, जिसमें प्रथम दिन जुलाघाट, द्वितीय दिन पंचेश्वर और अंतिम चरण में 19 मार्च को बूम पहुंच जाएगा।

अभियान भारत सरकार के "फिट इंडिया" और "खेलो इंडिया" जैसे राष्ट्रीय अभियानों की भावना के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। सशस्त्र सीमा बल का यह अभियान न केवल जवानों की नदीय संचालन क्षमता को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में साहसिक खेलों, पर्यटन व युवाओं के सकारात्मक सहभाग को भी बढ़ावा देगा।

## स्वास्थ्य सुविधाएं

चारधाम यात्रा को लेकर इस बार राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विशेष प्रबंध किए हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की इस बार 'ई–स्वास्थ्य धाम' पोर्टल के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। तीर्थयात्रा मार्गों, मुख्य पड़ावों और चारों धामों की स्थायी तथा अस्थायी चिकित्सा इकाइयों में अनुभवी चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात किए जाएंगे। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए यात्रा मार्गों पर 177 एम्बुलेंस तैनात रहेंगी, जिनमें 108 आपातकालीन सेवा, एडवांस लाइफ सपोर्ट और कार्डियक एम्बुलेंस शामिल हैं।

## सीएम भ्रमण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कुंभ–2027 के कार्यों की अधिकारियों के साथ समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कुंभ से जुड़े अधूरे निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में बनने वाले धार्मिक और पर्यटन कॉरिडोर सरकार की प्राथमिकता में हैं और इन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले को दिव्य और भव्य बनाने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर साधु–संतों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ भी विचार–विमर्श किया गया है,।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द शुरू होने वाली चार धाम यात्रा को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं, ताकि यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

हेमकुंड साहिब कपाट

चमोली ज़िले में स्थित सिखों के प्रसिद्ध तीर्थस्थल गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 23 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

ये जानकारी हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने आज सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्धन से शिष्टाचार भेंट के दौरान दी।

बैठक में आगामी यात्रा व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी लेते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और इसके लिए स्थानीय प्रशासन को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष कम बर्फबारी के कारण मौसम की परिस्थितियां यात्रा के शीघ्र आरंभ के लिए अनुकूल मानी जा रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यात्रा को इस वर्ष थोड़ा पहले शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

बद्रीगाय

पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश की ग्रीष्म कालीन राजधानी  भराड़ीसैंण में पशुपालन विभाग की भूमि पर लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से बद्री गाय अनुसंधान केंद्र स्थापित जाएगा।

गौरतलब हो कि हिमालयी क्षेत्र में पाई जाने वाली बद्री गाय के दूध और घी को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। यही वजह है कि इस नस्ल के संरक्षण और प्रचार–प्रसार पर सरकार भी विशेष ध्यान दे रही है।

श्रद्धांजलि

देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और पद्म विभूषण से अलंकृत जनरल बिपिन रावत की जयंती पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनरल रावत का भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि मां भारती की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले जनरल बिपिन रावत अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा के प्रति उनका समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका नेतृत्व, दूरदर्शिता और देश के प्रति अटूट निष्ठा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी।